**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 31.03.2022**

# एलुमनी सम्मेलन में छात्राओं ने दी बेहतरीन प्रस्तुतियाँ

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्राओं का वृहद सम्मेलन का आयोजन किया गया। एलुमनी एशोसियेशन के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष एवं पूर्व छात्रा श्रीमती प्रीति मिश्रा मुख्य अतिथि थी।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. श्रीमती रेशमा लाकेश ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी एलुमनी संगठन के द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की पूर्व छात्राएँ जिसमें स्नातकोत्तर एवं शोध की पूर्व छात्राएँ बड़ी संख्या में शामिल हुई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय के विकास में पूर्व विद्यार्थियों का महती योगदान रहा है। इस महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम भवन, मेडिकल सेंटर का भवन एलुमनी एशोसिएशन के प्रयासों से ही निर्मित हुआ है। पूर्व छात्राओं द्वारा संचालित छोटी बहन छात्रवृत्ति योजना भी प्रसंशनीय है।

जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रही श्रीमती प्रीति मिश्रा ने महाविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों की प्रसंशा करते हुए कहा कि विकास में हम सभी मिलकर कार्य करेंगे एवं आने वाले वर्षों में सुविधाओं का विस्तार किया जावेगा।

कार्यक्रम में सभी पूर्व छात्राओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न लोकगीतों पर सभी झूम उठे। वर्तमान छात्राओं ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से पूर्व छात्रायें इस कार्यक्रम में शामिल हुई।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)